# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

(निबंधित कार्यालयः–विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)
CIN-U74110BR2012SGC018889
Website:www.bsptcl.bih.inc.in
DEPARTMENT OF HR & ADMINISTRATION

संकल्प संख्या– 1768 दिनांक– 22/07/25
**T-III/DP/A.O-13203/2024**

श्री कमलेश मोहन झा, लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल, सारण (छपरा) को बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना के संकल्प संख्या–671 दिनांक–10.03.2025 द्वारा अधिरोपित शास्ति के विरूद्ध समर्पित अपील अभ्यावेदन दिनांक–29.04.2025 के प्रसंग में अपीलीय प्राधिकार, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के समक्ष दिनांक–09.07.2025 को सुनवाई की गई।

श्री कमलेश मोहन झा, लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल, पटना (पूर्वी) का स्थानांतरण बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की अधिसूचना संख्या–2147 दिनांक–24.08.2023 द्वारा संचरण अंचल, सारण (छपरा) हो जाने के उपरांत भी बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, कॉलोनी न्यू पूनाईचक, पटना अवस्थित आवास संख्या–E/16 (पुराना) को 16 माह तक खाली नहीं किये जाने, अनुशासनहीनता बरतने एवं वरीय पदाधिकारियों की अवहेलना हेतु कार्यालय आदेश संख्या–1642 दिनांक–18.12.2024 द्वारा निलंबित करते हुए बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना के संकल्प संख्या–3314 दिनांक–19.12.2024 के द्वारा उपर्युक्त वर्णित आरोपों के लिए विभागीय कार्यवाही संचालित की गई।

जाँच पदाधिकारी द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में श्री झा के विरूद्ध लगाये गये आरोपों को प्रमाणित पाये जाने का निष्कर्ष दिया गया। जाँच प्रतिवेदन एवं संगत अभिलेखों के सम्यक समीक्षोपरांत जाँच पदाधिकारी के निष्कर्ष से सहमत होते हुए अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री झा को द्वितीय कारण पृच्छा निर्गत करने का निर्णय लिया गया। संकल्प संख्या–406 दिनांक–12.02.2025 द्वारा निर्गत द्वितीय कारण पृच्छा के परिपेक्ष्य में श्री झा द्वारा समर्पित उत्तर के सम्यक समीक्षोपरांत असंतोषजनक पाते हुए प्रमाणित पाये गये आरोपों के लिए संकल्प संख्या–671 दिनांक–10.03.2025 द्वारा निम्न शास्ति अधिरोपित की गईः–

1. "निन्दन"
2. निलंबन अवधि में मात्र जीवन यापन भत्ता का भुगतान होगा परन्तु अन्य प्रयोजनों के लिए इस अवधि की गणना की जाएगी।

श्री झा द्वारा उनके अपील अभ्यावेदन एवं सुनवाई के क्रम में बताया गया कि उनके द्वारा आवास दिनांक–18.12.2024 को खाली कर दिया गया था। इसके बावजूद भी उन्हें दिनांक–18.12.2024 के प्रभाव से निलंबित कर दिया गया, जो पूर्वाग्रह से ग्रसित कार्रवाई लगती है।

उपलब्ध अभिलेखों एवं तथ्यों के आधार पर सम्यक समीक्षोपरांत पाया गया कि दिनांक–12.08.2023 को संचरण अंचल, छपरा स्थानांतरित करने के उपरांत कंपनी के द्वारा उन्हें विभागीय आवास खाली करने हेतु लगातार निदेशित किया जा रहा था। कंपनी के पत्रांक–1308 दिनांक–18.09.2024, 1404 दिनांक–04.10.2024, 975 दिनांक–21.09.2024 एवं 1047 दिनांक–07.10.2024, 2674 दिनांक–14.10.2024 आदि द्वारा विभागीय आवास खाली करने हेतु निदेशित करने के उपरांत भी उनके द्वारा निदेशों

अपीलार्थी अपील विचारण के क्रम में ऐसा कोई तथ्य/अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं कर सके जिसके आधार पर उनकी सदोषता प्रभावित होती हो। अपीलीय प्राधिकार का यह स्पष्ट अभिमत है कि अपीलकर्त्ता के द्वारा कंपनी के नियमों एवं वरीय पदाधिकारियों के द्वारा दिये गये निदेशों की स्पष्ट रूप से अवहेलना की गई। मामले के गुणावगुण पर विचारोपरांत ऐसा कोई तथ्य प्रकट नहीं होता है, जिसके आधार पर आरोपों को अप्रमाणित माना जाय। तथापि अनुशासनिक प्राधिकार के द्वारा संकल्प संख्या–671 दिनांक–10.03.2025 द्वारा अधिरोपित ''निन्दन'' की शास्ति को कठोर पाते हुए इसे ''चेतावनी'' के रूप में परिवर्तित करने का आदेश अपीलीय प्राधिकार द्वारा पारित किया गया।

तदनुसार, श्री कमलेश मोहन झा, लेखा पदधिकारी, संचरण अंचल, सारण (छपरा) को बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना के संकल्प संख्या–671 दिनांक–10.03.2025 द्वारा अधिरोपित 'निन्दन' की शास्ति को 'चेतावनी' के रूप में परिवर्तित किया जाता है।

**आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की हस्ताक्षरित प्रति श्री कमलेश मोहन झा, लेखा पदधिकारी, संचरण अंचल, सारण (छपरा) को हस्तगत करा दी जाय।**

आदेश से,

22/7/25

**(विजय कुमार)**
अवर सचिव

ज्ञापांक – 1769 / पटना, दिनांक– 22/07/2025 /

प्रतिलिपि– अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रधान आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

22/7/25

**अवर सचिव**

ज्ञापांक – 1769 / पटना, दिनांक– 22/07/2025 /

प्रतिलिपि– सभी निदेशक/सभी महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/सभी महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी महाप्रबंधक–सह मुख्य अभियंता/सभी मुख्य अभियंता/सभी उप महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/सभी उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/विधि परामर्शी/सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक)/सभी उप सचिव/सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता (असैनिक)/सभी उप विधि परामर्शी/सभी डी0 बी0 ए0/सभी अवर सचिव/सभी वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी उप भंडार नियंत्रक/सभी प्रशासी पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/सभी लेखा पदाधिकारी एवं श्री कमलेश मोहन झा (E08982), लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल, सारण (छपरा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. डी0 बी0 ए0, संचरण कम्पनी से अनुरोध है कि उक्त आदेश को कंपनी की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

22/7/25

**अवर सचिव**